# दो दिन से सर्वर डाउन, पंजीयन में पिछड़े

ई उपार्जन पंजीयन की अंतिम तारीख अब 10 मार्च : जिले में अब तक 65 हजार किसानों ने कराए पंजीयन

**पंजीयन का आंकड़ा गत वर्ष की तुलना में इस बार कम**

**सर्वाधिक पंजीयन नरसिंहगढ़ में, सबसे कम राजगढ़ में हुए**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़ 06 मार्च, का. शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन किए जाने की आज 7 मार्च अंतिम तारीख थी किंतु अब किसानों को सुविधा देते हुए इसे तीन दिन बढ़ाकर 10 मार्च कर दिया गया है. इसके पूर्व बीते दो दिन से सर्वर डाउन होने के कारण किसानों को पंजीयन कराने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**

गौरतलब है कि गौरतलब है कि पंजीयन का कार्य 7 फरवरी से शुरु हुआ था जो 7 मार्च तक चलना है. पंजीयन हेतु जिले में 84 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गये. अभी तक कुल जिले में 65 हजार 207 किसानों के द्वारा गेहूं फसल बिक्री हेतु पंजीयन कराए गये है. दो दिन से सर्वर डाउन की स्थिति निर्मित होने के कारण पंजीयन नहीं हो पा रहे है.

## पांच दिन बाद खुली मंडी में बम्पर आवक

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 06 मार्च, का.** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी हेतु पंजीयन की आज आखिरी तारीख है, इसके बाद गेहूं की खरीदी का कार्य होगा किंतु समर्थन मूल्य पर खरीदी के पूर्व स्थानीय कृषि मंडी में गेहूं की बम्पर आवक शुरु हो गई है. शुक्रवार को मंडी में गेहूं की काफी आवक रही. गौरतलब है कि गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है. जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है. फसल कटाई के बाद मंडी में अच्छी आवक शुरु हो गई है. बीते पांच दिन से बंद मंडी में जैसे ही शुक्रवार को नीलामी कार्य शुरु हुआ तो गेहूं, सरसों की काफी आवक रही. शादी ब्याह व अन्य आयोजन, कार्यो में पैसों की आवश्यकता को देखते हुए भी मंडी में उपज की आवक बढ़ी है.



## गत वर्ष की तुलना में कम पंजीयन संख्या

गत वर्ष 25-26 में किसान पंजीयन संख्या 81 हजार 647 रही थी. जबकि इस बार 6 मार्च तक जिले में यह संख्या 65 हजार 207 ही है. इस तरह गत वर्ष की तुलना में पंजीयन की संख्या अभी कम ही है.

### सबसे अधिक नरसिंहगढ़ में पंजीयन

गेहूं पंजीयन के मामले में 6 मार्च तक नरसिंहगढ़ तहसील में सर्वाधिक पंजीयन होना सामने आया है. शुक्रवार तक नरसिंहगढ़ तहसील में 15 हजार 774 पंजीयन हो गये. जबकि सबसे कम पंजीयन राजगढ़ तहसील में 3 हजार 447 पंजीयन ही हो सके है. इस बार भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जो कि गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है.

### पंजीयन कराने लम्बा इंतजार

सर्वर डाउन होने के कारण पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन कराने वालों की काफी भीड़ देखी जा सकती है. घंटो तक पंजीयन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है. गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी सर्वर डाउन होने से पंजीयन केन्द्रों पर काफी भीड़ रही. पंजीयन का कार्य 7 फरवरी से शुरु हुआ था जो कि अब 10 मार्च तक चलना है. पंजीयन हेतु जिले में 84 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गये.

### अब 10 मार्च होगी आखिर तारीख

सर्वर डाउन होने के कारण पंजीयन कराने को लेकर आ रही परेशानियों के बीच शुक्रवार को गेहूं पंजीयन की अंतिम तारीख को 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दिया गया है. इस तरह अब 3 दिन और पंजीयन हो सकेंगे. इससे पंजीयन कराने वालों को राहत मिल सकेगी. गौरतलब है कि शासन द्वारा 7 फरवरी से 7 मार्च तक पंजीयन की तारीख तय की गई थी.



# बिना नंबर की 10 बाइके जब्त, 2 आरोपी फरार

सुठालिया पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 06 मार्च, सं. पुलिस ने क्षेत्र में बाईक चोरों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 10 मोटरसाइकिल सहित 05 लाख रुपये का मशरूका जप्त किया है. थाना प्रभारी सुठालिया (मऊ) उनि अनिल राहोरिया एवं उनकी टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया है.**

थाना सुठालिया (मऊ) के अप.क्र. 22/26 धारा 303(2) बीएनएस एवं अप.क्र. 47/26 धारा 303(2) बीएनएस में आरोपी प्रकाश भील पिता मोहर सिंह भील उम्र 22 वर्ष निवासी भगवानपुरा थाना लटेरी जिला विदिशा को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ करने पर आरोपी के बताए स्थान पारसाना, शंभुपुरा, कालाजी बाग जंगल शंभुपुरा एवं ग्राम दुर्गपुरा से चोरी की गई मोटरसाइकिलें जप्त की गईं. उपरोक्त मोटरसाइकिलों में से थाना सुठालिया (मऊ) के 02 अपराधों का मशरूका होने से 02 मोटरसाइकिलें संबंधित अपराध में जप्त की गईं एवं शेष 08 मोटरसाइकिलें चोरी की होना पाई जाने से जप्त कर इस्तगासा क्रमांक 01/2026 धारा 35(1)(5) ब्हस्स्, 303(2) तैयार किया गया है. आरोपी प्रकाश भील को न्यायालय में पेश किया गया है. प्रकरण में आरोपी संतोष पिता जगदीश लोधी एवं फूल सिंह पिता भागीरथ लोधी निवासी दुर्गापुरा फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है. कार्यवाही अनिल राहोरिया थाना प्रभार, उपनिरीक्षक प्रवीण जाट थाना प्रभारी देहात ब्यावरा, महेश भील, रामगोपाल, आशीष दुबे, श्याम सुंदर शर्मा, देशराज मीना, सुरेन्द्र सिंह, सोनू अहिरवार, मोहन जैतवार थाना देहात, शुभम पटवा, प्रदुमन मीना, बने सिंह मीणा, बलवीर मीणा, सैनिक भानू प्रताप सिंह, नीरज का योगदान रहा.

## एक नजर में

### गेहूं पंजीयन का कार्य सतत् जारी

**राजगढ़ 06 मार्च, का.** जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अजीत कुमार द्वारा बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन किए जाने हेतु जिले में गेहूँ पंजीयन कार्य विपणन संस्थाओं, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के 84 पंजीयन केन्द्रों तथा 550 कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से किया जा रहा है. अब तक जिले में 65 हजार 207 किसानों का गेहूँ पंजीयन किया जा चुका हैं. उन्होंने जिले के समस्त कृषकों से अपेक्षा कि है कि जिन किसानों ने अभी तक अपना पंजीयन नहीं कराया है, वे निर्धारित अंतिम तिथि तक अनिवार्य रूप से ई-उपार्जन एप के माध्यम से अथवा अपने निकटतम गेहूँ पंजीयन केन्द्र पर जाकर पंजीयन कराएं. निर्धारित समयावधि के बाद गेहूँ पंजीयन स्वीकार नहीं किया जाएगा.

### भैंसों की मृत्यु से प्रभावित किसान को 30 हजार दिए



**राजगढ़ 06 मार्च, का.** राजगढ़ जिले के ग्राम चाटूखेड़ा निवासी महेंद्र सोंधिया पिता नाथू सिंह सोंधिया की चार भैंसों की आकस्मिक मृत्यु हो जाने से उनके परिवार की आर्थिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ा था. इस कठिन परिस्थिति को देखते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी से तत्काल 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई. साथ ही स्वीकृत सहायता राशि विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव एवं विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी द्वारा महेंद्र सोंधिया को प्रदान की गई. इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन हमेशा जरूरतमंदों और संकटग्रस्त परिवारों की सहायता के लिए तत्पर रहता है. उन्होंने महेंद्र सोंधिया को आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा आगे भी हरसंभव सहयोग प्रदान करने के प्रयास किए जाएंगे.

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण 10 एवं 11 मार्च को

**राजगढ़ 06 मार्च, का.** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला/चार्ज स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 10 एवं 11 मार्च को प्रात: 10 .30 से सांय: 05 बजे तक का आयोजन किया जा रहा है. इस द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में जिला जनगणना पुस्तिका संबंधी प्रशिक्षण के साथ-साथ सीएमएमएस पोर्टल पर हेण्डास-ऑन अभ्यास भी करवाया जाएगा. उन्होंने कहा कि जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जनगणना लिपिक (जिला कार्यालय) तकनीकी सहायक, ग्रामीण चार्ज अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी, जनगणना लिपिक (चार्ज कार्यालय) एवं तकनीकी सहायक को 10 मार्च को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. साथ ही मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जनगणना लिपिक (नगर पालिका/नगर पालिका परिषद) कार्यालय एवं तकनीकी सहायक का प्रशिक्षण 11 मार्च को प्रदान किया जाएगा.

# चौकीदार ने कहा कट्टा अड़ाकर बाइक लूटी

पुलिस ने कहा चोरी हुई है, चौकीदार नशे में था



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 06 मार्च, का. जिला मुख्यालय राजगढ़ स्थित पीएचई के कार्यपालन यंत्री के बंगले पर तैनात चौकीदार के साथ कट्टा अड़ाकर धमकाते हुए उसकी बाईक लूट ले जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है.**

जानकारी के अनुसार परेड ग्राउण्ड रोड पर पुलिस कंट्रोल रुम एवं पुलिस लाईन के समीप पीएचई के लोकपालन यंत्री आर.एल. सेकवार का बंगला है. उनके बंगले पर लालसिंह पिता मनीराम निवासी ग्राम राजलीबे चौकीदार के रुप में तैनात रहकर अपनी ड्यूटी कर रहे थे. इसी बीच गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि करीब 3 बजे दो लोग बंगले के मेन दरवाजे की कुंदी खोलकर भीतर आ गये. चौकीदार को धमकाया और कट्टा अड़ाकर बंगले की चाबी मांगने लगे, चौकीदार द्वारा चाबी नहीं होने की बात कही गई.

**कमरे में बंद कर बाईक लेकर भागे-** इन लोगों द्वारा कट्टा अड़ाकर चौकीदार को धमकाते उसकी बाईक कि चाबी ली और चौकीदार को कमरे में बंद कर बाहर से कुंदी लगाकर बाईक लेकर भाग खड़े हुए. चौकीदार द्वारा मोबाईल से अपने वरिष्ठ अधिकारी को घटना की जानकारी देते हुए खिड़की में से आवाज लगाकर इसकी जानकारी बाहर से आने-जाने वाले राहगीर को दी. तब कहीं घटना का पता चला.

## पुलिस ने कहा मामला चोरी का

घटना में विराधाभास की स्थिति बनी हुई है, जहां फरियादी चौकीदार के द्वारा दो लोगों ने उसके साथ कट्टा अड़ाकर बाईक ले जाने की बात कही है वहीं इस संबंध में पुलिस का कहना है कि यह मामला चोरी का है. बाईक चोरी की घटना की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है.

*चौकीदार के बयान लिए है वह नशे में था. सीसीटीवी के आधार पर मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया है.*
**मंजू मखोनिया, कोतवाली टी आई, राजगढ़**

*चौकीदार नाइट डयूटी पर पदस्त था, डयूटी के दौरान वारदात हुई है, जो कि एक गंभीर मामला है. इस मामले में गंभीरता से कार्यवाही की जाना चाहिए.*
**आर एल सेकवार कार्यपालन यंत्री, पीएचई विभाग राजगढ़**

## रंगपंचमी पर पारंपरिक गेर कल

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 06 मार्च, का.** रंगपंचमी पर्व के अवसर पर नगर में कल हिंदू उत्सव समिति द्वारा पारंपरिक गेर का भव्य आयोजन किया जाएगा. कल 8 मार्च को सुबह 9 बजे मातामंड मोहल्ले स्थित शीतला माता मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ शुरू होगी.

जो सुठालिया रोड, मेन मार्केट, सुभाष चौक, जगात चौक, एसडीएम निवास, पुराना ए.बी.रोड, पीपल चौराहा से होते हुए चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंचेगी जहां महाआरती का भव्य आयोजन होगा. इसके बाद गेर का समापन होगा. गेर के संयोजक गिरिराज शर्मा होंगे, जबकि रामेश्वर सोनी और सुनील जाटव सह-संयोजक की जिम्मेदारी निभाएंगे.

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए विशेषज्ञों के वीडियो क्लिप दिखाए

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 06 मार्च, सं.** शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यबल मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार मार्च के प्रथम सप्ताह में स्टॉफ एवं छात्र छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और भावनात्मक संतुलन के महत्व को समझाना था. कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद, जग्गी वासुदेव सतगुरु, स्टीफ जॉब्स, डॉ विकास दिव्यकीर्ति इत्यादि विद्वतजनों के प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक वीडियो का प्रसारण किया गया, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद स्वरूप लहरिया ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य का महत्व अत्यंत बढ़ गया है.

कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यबल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे महाविद्यालय परिसर में सकारात्मक, सहयोगात्मक एवं स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हो सके. इस अवसर पर कार्यक्रम में संतोष पाठक, शमशाद बेग, डॉ दीपा चौरसिया, डॉ मुकेश बंशीवाल, डॉ खालिद अल्ताफ़ शेख, राजकुमार लोधी, उमेश सेन, अनिरुद्ध सिंह, पूजा यादव, दशरथ गुर्जर सहित समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे.

## 108 ने कराए पंजीयन, सेमिनार में सिर्फ 23 पहुंचे

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 06 मार्च, का. विकसित भारत युवा संसद 2026 अंतर्गत शुक्रवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा संसद कार्यक्रम विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीयलोकतंत्र के लिए सबक रखा गया. इस कार्यक्रम हेतु माय भारत पोर्टल पर प्रतिभागिता करने हेतु 108 विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था, लेकिन कार्यक्रम में आपातकाल के किस्से देखने जिले भर से कुल 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया.** प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई. जिसमें प्रतिभागियों की वाक्-कला, तर्कशक्ति एवं समसामयिक विषयों पर उनके दृष्टिकोण का मूल्यांकन किया गया. प्रथम चरण में निर्णायक मंडल में सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी जयसिंह राठौड़ तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पवार शामिल रहे. वहीं द्वितीय चरण में नरसिंहगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन त्रिपाठी तथा ब्यावरा महाविद्यालय के प्रोफेसर घनश्याम नागर ने निर्णायक की भूमिका निभाई.

# ट्यूबवेल बंद होने से पानी की परेशानी



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 06 मार्च, का.** गर्मी की शुरुआत होने के पूर्व ही पेयजल स्रोतो में खराबी आने का सिलसिला शुरु हो गया है. स्थानीय शहीद कॉलोनी में क्लब ग्राउण्ड के समीप मौजूद सार्वजनिक ट्यूबवेल खराबी के चलते बंद हो गई है जिसके कारण पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. जानकारी के अनुसार शहीद कॉलोनी में विद्युत विभाग के कार्यालय के समीप मौजूद ट्यूबवेल की मोटर में तीन-चार दिन पूर्व खराबी आने से ट्यूबवेल बंद हो गई. उक्त ट्यूबवेल से यहां के रहवासी सहित दूर दराज से भी लोग पानी ले जाते है. आने वाले दिनों में गर्मी के तेज प्रकोप के चलते पानी की अधिक आवश्यकता होगी ऐसे में ट्यूबवेल के बंद होने से परेशानी और बढ़ सकती है.

## महिला दिवस पर सम्मान किया

**नवभारत न्यूज, माचलपुर 06 मार्च, सं.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला प्रमुख ब्रह्माकुमारी मधु दीदी, प्रज्ञा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल प्रमिला शर्मा, महिला अध्यक्ष तारा पाटीदार उपस्थित रहे. ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने कहा कि मूल्य निष्ठ समाज बनाने के लिए आज महिला को शक्तिशाली शक्ति स्वरूपा बनाना होगा. अपनी आध्यात्मिक शक्ति को पहचानना होगा भौतिकता में तो हमने बहुत तरक्की कर ली है लेकिन आध्यात्मिकता को जीवन में लाना है. ब्रह्माकुमारी सुमित्रा एवं ब्रह्माकुमारी मधु ने सभी अतिथियों का तिलक अंग वस्त्र एवं पुष्प द्वारा स्वागत किया. वही कुमारी पायल ने नृत्य प्रस्तुत किया ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने कार्यक्रम का संचालन किया.

# माहेश्वरी महिला मण्डल ने मनाया फाग उत्सव



**सांरगपुर नगर में होली मिलन समारोह की धूम**

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 06 मार्च, सं. होली उत्सव के क्रम में नगर के राठी परिसर में आयोजित माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा फाग उत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस मौके पर माहेश्वरी महिला मंडल की नवनियुक्त अध्यक्ष रूपल सादानी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार माहेश्वरी महिला मंडल के द्वारा फाग उत्सव गीत संगीत के साथ फूलों की होली रंग गुलाल के साथ मंडल द्वारा आयोजित किया जाता है जिसमें फाग गीत गाकर फूलों के साथ रंगुलाल लगाकर उत्सव मनाया गया.**

जिसमें विशेष रूप से समाज की वरिष्ठ श्रीमती लीला देवी सादानी कृष्ण छापरवाल संतोष चोपड़ा महिला मंडल के अध्यक्ष रूपाल सादानी मंजू चोपड़ा कुमुद बियानी मनोरमा राठी मुक्ता राठी तारा मंडोर इंदौर प्रेमा चोखड़ा नेहा सदानी सुनीता छापरवाल ममता छापरवाल भावना छापरवाल बिंदिया गगरानी विनीता काकानी रेखा चांडक एक महिला मंडल की समाज सदस्य उपस्थित थी.

## आम सूचना

भूमि खसरा स्थित ए.ह.न. 31, वार्ड नं. 01, ग्राम मुल्तानपुरा स्थित पुराना ए.बी. रोड़, ब्यावरा (माधव जीन वाली भूमि) विकास खण्ड ब्यावरा तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़.

मैं अपने पक्षकार श्री राज दांगी C/O श्री विनायक ब्रदर्स के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहनदास आयु 66 पिता श्रीनाथदास जी गुप्ता जाति महाजन निवासी जूना ब्यावरा, ब्यावरा तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र. के धारित स्वत्त व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा कंमाक 21/3/1/2/2, 21/3/2, 21/4/1/2/2, 21/6/1/1/2, 21/6/2/2/2, 21/7/1, 21/7/2, 21/8/3, 21/9/2, 29/1/1/2 कुल किता 10 कुल रकबा 1.572 हेक्टयर की भूमि जो कि प.ह.न. 31, वार्ड नं. 01, ग्राम मुल्तानपुरा स्थित पुराना ए.बी. रोड़, ब्यावरा (माधव जीन वाली भूमि) विकास खण्ड ब्यावरा तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ में स्थित है, को मेरे पक्षकार व उक्त वर्णित भूमि स्वामी के मध्य विक्रय हेतु सहमति के आधार पर करार हुआ है. यदि उपरोक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, शासकिय या अशासकिय वित्तय संस्था, बैंक सोसाइटी एवं अन्य का कोई हित, स्वत्व संबंध व किसी भी प्रकार का कोई लेनदेन हो तो, वह इस सूचना प्रकाशन की दिनांक से सात दिवस की अवधि मे प्रमाण सहित दस्तावेज मेरे कार्यलय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें. समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व अधिकार या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय पंजीयन पत्र तत्पश्च्यात नामांतरण अपने पक्ष में करवाने को स्वतंत्र होगा.

**भवदीय मुकेश तोमर, एडवोकेट, ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र.**
**कार्यालय पता-न्यायालय परिसर ब्यावरा, ब्यावरा जिला राजगढ, म.प्र.**

**जागरूक** ब्यावरा स्टेशन पर बंद पड़े पंखों की शिकायत रेल्वे मंत्रालय को एक्स पर की, हुई कार्रवाई

# शिकायत ट्वीट करने के 12 घंटे बाद ही चल पड़े स्टेशन के पंखे

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 06 मार्च, का. यात्रियों की सुविधाओं के लिए रेल्वे स्टेशनों को अपग्रेड किया जा रहा है. यहां यात्रियों के मौलिक सुविधाओं के लिए करोड़ों खर्च किए जा रहे है. लेकिन इसके बाद भी इन सुविधाओं को समय पर चालू नहीं किया जाता. परेशान होकर यात्री रेल्वे मंत्रालय को शिकायत भी कर रहे है. मामला ब्यावरा रेल्वे स्टेशन पर सामने आया है.**

गुरूवार की शाम इंदौर कोटा ट्रेन से गुना की ओर जाने के लिए गुना निवासी अमित तिवारी ने जब बंद पंखों को देखा तो उन्होंने रेल्वे मंत्रालय को इसकी शिकायत एक्स अकाउंट पर की. शिकायत के तुरंत बाद भी रेल्वे मंत्रालय के आधिकारिक अकाउंट से रिस्पान्स आने शुरू हो गए. शिकायत ब्यावरा स्टेशन से ही शाम करीब 6 बजकर 44 मिनट पर की गई.




## डीआरएम अजमेर से भोपाल पहुंची शिकायत

शिकायत करने के तुरंत बाद रेल्वे ने गुना निवासी यात्री अमित तिवारी को सूचित करते हुए उनकी शिकायत रेल्वे डीआरएम अजमेर को भेज दी. बाद में उसे सुधार करते हुए रेल्वे डीआरएम भोपाल को भेजा गया. क्योंकि ब्यावरा स्टेशन भोपाल खण्ड में शामिल है. वहां से यात्री के पास सूचना पहुंची. इसके बाद रेल्वे स्टेशन ब्यावरा को सूचित किया गया और बंद पंखों को चालू कर दिया गया. मामले में यात्री के पास शुक्रवार को मैसेज आया जिसमें शिकायत के समाधान की बात करते हुए बताया कि आपकी शिकायत का समाधान बीईआर पीएफ स्टाफ द्वारा कर दिया गया है.

## जागरुकता : कोई भी कर सकता है शिकायत लेकिन वाजिब हो और उद्देश्य सही हो



नवभारत से चर्चा के दौरान गुना निवासी अमित तिवारी ने बताया कि कोई भी नागरिक एक्स पर रेल्वे मंत्रालय को रेल्वे सुविधाओं और सेवाओं से संबंधित शिकायत कर सकता है. इस प्रकार शिकायत को तुरंत समाधान भी रेल्वे मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है. लेकिन शिकायत वाजिब और समस्यामूलक होनी चाहिए और यात्री का उद्देश्य केवल व्यवस्थाओं में सुधार संबंधी होना चाहिए ना कि किसी प्रकार की शरारत से प्रेरित. अमित तिवारी गुना की सामाजिक संस्था जागरूक ग्रुप का प्रतिनिधित्व भी करते हैं और निजी कंपनी में सेवारत है. वे पहले भी रेल्वे को इस प्रकार की शिकायत से समाधान करवा चुके है. उन्होंने त्वरित प्रतिक्रिया और समाधान के लिए रेल्वे मंत्रालय का धन्यवाद ज्ञापित किया है. रेल्वे मंत्रालय की ओर से एक्स अकाउंट पर यह बहुत अच्छी सुविधा यात्रियों को प्रदान की गई है. हाल ही में रतलाम स्टेशन पर गंदगी मामले में भी एक्स पर ही शिकायत दर्ज की गई थी. इसके बाद महकमे ने तुरंत सफाई पर ध्यान दिया था. मामला जून 2025 का है.